

नवभारत 03
इंदौर, मंगलवार,19, अगस्त ,2025

## एक नजर में

### इंडिया ताइक्कांडो प्रतियोगिता में चयन

**खंडवा ।** राज्य स्तरीय सब जूनियर प्रतियोगिता उज्जैन में 18 और 19 अगस्त को आयोजित हो रही है । यह प्रतियोगिता इंडिया ताइक्कांडो द्वारा संचालित की जा रही है, जो भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त है । वर्तमान में यही संस्था मान्यता प्राप्त है । सब जूनियर वर्ग में चुने गए 6 खिलाड़ी हैं कनक फालके, स्वरा सोनी, रिशिक खरवश, आयन धुर्वे, दर्श चौधरी और समर अग्रवाल सभी खिलाड़ी कोच फैजान खान के नेतृत्व में प्रतियोगिता में भाग लेंगे । सभी खिलाड़ियों को इंडिया ताइक्कांडो के जिला सचिव मुगीस खान, राजेंद्र राजपूत, भगवानदास सुंगत, शुभम जैन,शशिकांत मालवीय, द्वडॉ. गुर्जर, नीरज भंडारी, मोहन काशिव,शैलेंद्र वर्मा,नागेश वालांजकर,ज्योति वालांजकर, हिमांशु राठवे, विकास मोहे, मोह ज़ैद ने बधाई दी है ।

### छात्र दर्श चौधरी करेंगे जिले का नेतृत्व

**खंडवा ।** एसएसटी ताइक्कांडो क्लब के छात्र दर्श चौधरी का चयन संभाग में स्कूल गेम्स डिवीजनल ताइक्कांडो के लिए किया गया है । यह छात्र -41 किग्रा वर्ग में खंडवा जिले का नेतृत्व करेंगे । क्लब के शशिकांत मालवीय (मुख्य अभियंता), हेमेंद्र वार्कड़े, सोहाब श्रीवास्तव, मुगीस खान सर (प्रशिक्षक), फैजान खान (प्रशिक्षक) और अधिकारियों और प्रशिक्षकों ने दर्श को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं ।

### भीलखेड़ी व पंधाना में अनरजिस्टड चिकित्सकों के क्लिनिक बंद किए

**खंडवा ।** अनुविभागीय अधिकारी राजस्व पंधाना के निर्देशन में खण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉ. अनिल तंतवार व उनकी टीम ने सोमवार को विकासखण्ड पंधाना में अपंजीकृत चिकित्सकों द्वारा संचालित क्लिनिकों के विरुद्ध कार्यवाही की । डॉ. तंतवार ने बताया कि म.प्र. उपचर्यागृह तथा रुजोपचार संबंधी स्थापनाएं रजिस्ट्रीकरण तथा अनुज्ञापन अधिनियम, 1973 तथा नियम, 1997 तथा संशोधित अधिनियम, 2021 के तहत पंधाना में संचालित कमलेश सोनी तथा आशीष गंगराड़े के क्लिनिक बंद किये गये । इसके साथ ही ग्राम भीलखेड़ी में मोहन राठौड़ की क्लिनिक भी बंद कराकर नियमानुसार कार्यवाही की गई ।

### अटल बिहारी वाजपेई जी को किया सद्भावना मंच सदस्यों ने नमन




**खंडवा ।** देश के पूर्व प्रधानमंत्री,हम सब के आदर्श,साथ-साथ कवि,लेखक, चिंतक, विचारक और प्रखर वक्ता स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेई आज ही के दिन देवलोक गमन कर गए थे । लेकिन उनके आदर्श और बताए हुए रास्ते और राजनीतिक क्षेत्र में किए गए कार्यों के साथ-साथ देश और देश सेवा के लिए दिए गए विचार हमेशा हमारा मार्गदर्शन करते रहेंगे । उक्त बात सद्भावना मंच संस्थापक प्रमोद जैन ने मालीकुंआ स्थित मंच कार्यालय पर पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई की पुण्यतिथि के अवसर पर श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए उपस्थित मंच सदस्यों से कही । यह जानकारी देते हुए मंच के निर्मल मंगवानी ने बताया कि स्वर्गीय श्री वाजपेई जी उस समय कांग्रेस के बड़े-बड़े नेताओं के बीच खड़े होकर के अपनी विचारधारा और देश के प्रति विपक्ष की क्या भूमिका होती है, उन बातों को निर्भय होकर बेबाक तरीके से संसद से लेकर सड़क तक रखा करते थे । उनकी सभाओं में लाखों लोगों की भीड़ उन्हें सुनने के लिए खड़ी रहती थी यह ख्याति अटल जी ने हासिल की थी । इस अवसर पर मंच संस्थापक प्रमोद जैन,पूर्व डीएसपी आनंद तोमर,डॉ जगदीश चौरे,गणेश भावसार, सुनील सोमानी,राजेश खांडे, अशोक जैन, कैलाश शर्मा, अशोक पारवानी, एनके दवे, निर्मल मंगवानी, कमल नागपाल, योगेश गुजराती, महेश मुलचंदानी, जितेन्द्र, कैलाश पटेल, सुभाष मीणा आदि ने श्री वाजपेई जी के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए ।

### जिला स्तरीय स्वास्थ्य शिविर 30 अगस्त को खालवा ब्लॉक के ग्राम रोशनी में लगेगा

**खंडवा ।** संभाग आयुक्त इन्दौर संभाग के निर्देश अनुसार संभाग के दूरस्थ ग्रामीण अंचल में मेगा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जाएगा । इसके अंतर्गत खंडवा जिले के खालवा विकाखण्ड के ग्राम रोशनी में स्वास्थ्य शिविर 30 अगस्त को आयोजित होगा । मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि स्वास्थ्य शिविर में दूरस्थ क्षेत्र के ग्रामीणों की विभिन्न बीमारियों की स्वास्थ्य जांच, चिकित्सकीय परामर्श, अत्याधुनिक मशीनों से की जाएगी । इंदौर के प्राईवेट एवं मेडिकल कालेज इन्दौर कैंसर फाउंडेशन, बाम्बे हास्पिटल, अपोलो राजश्री इन्दौर, कोकिलाबेन धीरूभाई अम्बानी हास्पिटल, चौईथराम हास्पिटल, शेल्बी हास्पिटल, एलएनसीटी चिकित्सा महाविद्यालय, विशेष जुपीटर, मेंदाता हास्पिटल इन्दौर, केयर सीएचएल अस्पताल इन्दौर, मेडिकल कालेज इन्दौर के विशेषज्ञ, मेडिकल कालेज खण्डवा एवं जिला अस्पताल खण्डवा के विशेषज्ञों द्वारा सेवायें दी जायेगी । स्वास्थ्य शिविर में कार्डियोलॉजी, न्यूरोलॉजिस्ट, जनरल मेडिसीन, जनरल फिजिशन, जनरल एण्ड लेप्रोस्कोपिक सर्जन, जनरल सर्जरी, शिशु रोग, बाल हृदय रोग, गेस्ट्रोलॉजी, नाक कान गला रोग, रेडियाथेरेपी, रेडियोडायग्नोसिस, स्त्री रोग विशेषज्ञ, कैंसर, सिकलसेल, टीबी, लेप्रोसी, सिलोकोसिस हड्डी रोग विशेषज्ञ, नेत्र रोग, दन्त रोग, मानसिक रोग, चर्म रोग, क्षय रोग, कुष्ठ रोग जैसे विभागों के चिकित्सकों द्वारा इन रोगों के मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उपचार किया जायेगा । इसके साथ ही मरीजों को एक्स-रे, ई.सी.जी., ईको मेमोग्राफी, सोनोग्राफी, पेथालॉजी जांच, सिकल सेल जांच की सुविधा भी नि:शुल्क उपलब्ध होगी व दवाईयों का भी नि:शुल्क वितरण किया जायेगा । मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि स्वास्थ्य सेवाओं के साथ-साथ दिव्यांगजनों के मेडिकल प्रमाण पत्र, सामाजिक न्याय विभाग की योजनाओं से लाभान्वित करने हेतु आवश्यक प्रबंध किये जा रहे हैं ।

# अब भी पिछले साल की तुलना में बारिश 200 मिलीमीटर पीछे



**नवभारत न्यूज**

**खंडवा । पिछले 24 घंटे में खंडवा जिले में 22.8 मिली मीटर औसत बारिश दर्ज की गई है । पिछले साल का रिकॉर्ड देखें तो इस बार 200 मिलीमीटर अभी तक कम वर्षा हुई है । पिछले साल काफी अधिक बारिश हुई थी । इस बार लोग ज्यादा बारिश का अनुमान लगा रहे हैं, जबकि यह आंकड़ा 200 मिमी पीछे है ।**

खंडवा जिले पर तीन क्षेत्र के मानसून का दबाव बन रहा है । यही कारण है कि दोपहर के बाद काफी दिनों से अंधेरा छा जाता है । कुछ देर ही सही, लेकिन बारिश तेज तरीके से होती है । लोग अब इसके आदी हो गए हैं ।

### खरीफ फसलों की रंगत बनी

फसलों को नया जीवन मिला है । कई किसानों की फैसले बर्बाद हो गई । वे मुआवजे की मांग कर रहे थे, लेकिन बारिश ने फसलों को अच्छे तरीके से पोषित किया है । फिर भी हल्की जमीन वालों को सोयाबीन और पीले मोजैक से क्षति हुई है । इससे सोयाबीन उत्पादन प्रभावित होगा । मक्का की फसल काफी अच्छी है । कपास भी रंगत पर है ।

### असामान्य हुई इस बार बारिश

हालांकि इस बार बारिश असामान्य हुई । इसमें नुकसान अधिक हुआ । कई जगह तो इस बार नदी नालों में एक बार भी पूर नहीं आया है ।

भादों का महीना भी लगे लंबा समय हो गया है । अधीक्षक भू-अभिलेख ने बताया पिछले चौबीस घंटे मे खंडवा तहसील में 38, मिलीमीटर, पंधाना में 0 मिलीमीटर, पुनासा में 15 मिलीमीटर, हरसूद में 35 तथा खालवा तहसील में 26 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है ।

### आंकड़ों से पहचानें बारिश की स्थिति

उल्लेखनीय है कि गत वर्ष 18 अगस्त तक जिले में 583 मि.मी. औसत वर्षा हो चुकी थी । जबकि इस वर्ष अब तक जिले में 390.6 मि.मी. औसत वर्षा हो चुकी है । इस वर्ष अब तक खंडवा तहसील में 516 मिली मीटर, हरसूद तहसील में 390 मिली मीटर, पन्धाना तहसील में 268 मिली मीटर, पुनासा तहसील में 355 मिली मीटर तथा खालवा तहसील में 424 मिली मीटर वर्षा अब तक दर्ज की जा चुकी है । उल्लेखनीय है कि खंडवा जिले की औसत वर्षा 808 मि.मी. है ।

## सजी हुई पालकी में ओंकारजी महाराज मंदिर से भक्तों के साथ निकले






**नवभारत न्यूज**

**ओंकारेश्वर ।** ओंकारजी महाराज सोमवार को ओंकार पर्वत का भ्रमण करने पालकी में सवार होकर धूमधाम से गए । भादव मास के दूसरे सोमवार को ओंकारजी महाराज सजी हुई चांदी की पालकी में विराज मन होकर 3बजे ओंकार पर्वत का भ्रमण करने ढोल धमाकों एवं भक्तों के साथ मंदिर से निकलें ।

कोटितीर्थ घाट पर पूजा आरती के बाद ओंकार पर्वत की परिक्रमा के लिए भक्तों के साथ रवाना हो गए । संगम घाट पर विद्वान पंडितों द्वारा पूजा अर्चना करवाई गई । यहां पूरी परिक्रमा कर वापिस मंदिर पहुंचें ।

मार्ग में जगह -जगह संत महात्माओं द्वारा एवं भक्तों द्वारा फरियाली खिचड़ी । मिठाई, फ़लफ्रुट, चाय पानी से भक्तों का स्वागत किया गया । भक्तों द्वारा पुष्पों गुलाल उड़ाकर एवं कपूर आरती कर ओंकारजी महाराज का अभिवादन किया गया ।

भोले शंभू भोले नाथ के उद्घोष कर भक्त भावविभोर हो गए । प्रशासन ने सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध किए थे । ओंकार पर्वत की परिक्रमा में हजारों भक्त ओंकार महाराज की पालकी के साथ आनंद लेते हुवे चल रहे थे । इंद्र देव ने जोरदार बारिश के साथ ओंकार महाराज का स्वागत किया ।

## सनावद में देशभक्ति कार्यक्रम का आयोजन व सैनिकों का सम्मान




**नवभारत न्यूज**

**खंडवा । नगर पालिका सनावद के संयोजन में निमाड़ संस्कृति मंच द्वारा देशभक्ति के गीतों का कार्यक्रम आयोजन किया ।**

गुर्जर धर्मशाला में आयोजित कार्यक्रम में निमाड़ संस्कृति कला मंच के अध्यक्ष अनिल चौधरी, सचिव संजय मालवीय, उपाध्यक्ष दीपक पगारे, संयोजक डॉक्टर कमलेश चौधरी ने सहित सदस्यों ने सैनिकों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया ।

### इन्होंने जमा दिया देशभक्ति का रंग

गायक कलाकारों ने देशभक्ति से ओतप्रोत गीतों की प्रस्तुतियां देते हुए वीर सैनिकों व भारत माता को नमन किया । सेवानिवृत्ति सैनिक दीपक पटेल ने तेरी मिट्टी में मिल जावां..,, दिलीप व्यास ने ये देश हैं वीर जवानों का..,, अदिति दुबे ने देश रंगीला रंगीला..,, डॉक्टर हिमांशु भगोरे ने संदेशे आते हैं..,, पंकज कुमुद ने मेरे देशप्रेमियों..,, सुधीर जैन ने इंसाफ की डगर पर.., वह अन्य गायको ने देशभक्ति के गीतों की प्रस्तुतियां दी ।

### ये थे अतिथिगण

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सेवानिवृत्त सैनिक थे । इस अवसर पर पूर्व विधायक हितेंद्र सिंह सोलंकी,अध्यक्ष सुनीता बिरला, सीएमओ राजेंद्र मिश्रा ,इंदर बिरला,कमल पटेल, ममता चौधरी सहित संगीतप्रेमी और गणमान्यजन उपस्थित थे ।

## ओंकारेश्वर पावर स्टेशन में स्वतंत्रता दिवस समारोह मना

**नवभारत न्यूज**

ओंकारेश्वर । पावर स्टेशन में 79 वें स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में भव्य ध्वजारोहण समारोह का आयोजन किया । ऊर्जा विहार परिसर स्थित सेन्ट्रल पार्क प्रांगण में डी.के. द्विवेदी, परियोजना प्रमुख ने तिरंगा फहराया ।स्वतंत्रता संग्राम के शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की ।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डी.के. द्विवेदी, परियोजना प्रमुख को तिरंगा बैज लगाकर सीआईएसएफ बल सदस्यों द्वारा कार्यक्रम स्थल पर लाया गया । तत्पश्चात मुख्य अतिथि ने राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी । उपस्थित परियोजना के समस्त कार्मिकों, उनके परिजनों, बच्चों एवं सीआईएसएफ के बल सदस्यों ने मिलकर राष्ट्रगान गाया, जिसने इस समृद्ध ऐतिहासिक दिन की गरिमा को और बढ़ा दिया । इसके पश्चात सीआईएसएफ के बल सदस्यों द्वारा राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी गई । कार्यक्रम में उपस्थित सभी को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दीं । उन्हें राष्ट्र की सेवा में अपना योगदान देने के लिए प्रेरित किया ।

### बिजली उत्पादन

उन्होंने कहा कि ओंकारेश्वर पावर स्टेशन ने एक दिन के उच्चतम स्तर के विद्युत उत्पादन का रिकार्ड जो कि पिछले वर्ष 22 जुलाई 2024 को 13.5045 मेगायुनिट बनाकर किया था को, हाल ही में इस वर्ष दिनांक 04.08.2025 को 13.668 मेगायुनिट बनाकर नया कितीमान स्थापित किया है । हम निरंतर इसे बढ़ाने के




लिए समर्पित हैं । ओंकारेश्वर पावर स्टेशन ने वर्ष 2024-25 में अब तक का सर्वाधिक उत्पादन 1832.24 मेगायुनिट किया है जोकि पिछले सर्वाधिक उत्पादन रिकार्ड 1782.60(2022-23) मेगायुनिट को तोड़ा है ।

### इस तरह देश सेवा का हमें गर्व है

डी.के. द्विवेदी ने कहा की आज हम भारत की स्वतंत्रता की 79 वीं वर्षगाँठ मना रहे हैं । यह दिन हमें न केवल गर्व और सम्मान का अनुभव कराता है, बल्कि यह हमें हमारे कर्तव्यों, उत्तरदायित्वों और उस बलिदान की याद भी दिलाता है, जिसने हमें यह अमूल्य स्वतंत्रता दिलाई ।

ओंकारेश्वर पावर स्टेशन की यह धरती - जहां से ऊर्जा का संचार होता है - राष्ट्र की प्रगति में योगदान देने का एक सशक्त माध्यम है । हम सब सौभाग्यशाली हैं कि हमें अपने कर्तव्यों के माध्यम से देश को रोशन करने का अवसर मिला है,यह हमारा सिर्फ कार्य नहीं, बल्कि यह एक राष्ट्रीय सेवा है । मैं गर्व के साथ कहता हूँ कि हमारी दोनो परियोजनाओं (ओंकारेश्वर पावर स्टेशन एवं फ्लोटिंग सोलर पावर प्लांट) ने निरंतर तकनीकी उत्कृष्टता, उत्पादन क्षमता और पर्यावरणीय संतुलन को बनाए रखते हुए उल्लेखनीय प्रगति की है ।

### विजेताओं को पुरस्कृत किया

बच्चों तथा एनएचडीसी स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित खेल प्रतियोगितओं के विजेताओं को पुरुस्कृत किया गया ।

इस अवसर पर अंजना द्विवेदी,लेडीज क्लब अध्यक्षा, विनोद कुमार सिंह, महाप्रबंधक (ओएण्डएम),दर्शन सिंह, सहायक कमांडेंट, सीआईएसएफ एवं कार्मिक तथा उनके परिजन उपस्थित थे ।

## कलेक्टर ने मीटिंग में अधिकारियों को दिए निर्देश

**नवभारत न्यूज**

**खंडवा ।** सभी अधिकारी सीएम हेल्पलाइन में दर्ज शिकायतों का संतुष्टिपूर्ण ढंग से त्वरित निराकरण करवाएं । सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के निराकरण के मामले में अपने अधीनस्थ कर्मचारियों पर कोई भी कार्य न छोड़ें, बल्कि स्वयं ही इसे देखें । यह निर्देश कलेक्टर ऋषव गुप्ता ने सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक समीक्षा बैठक में उपस्थित अधिकारियों को दिए । उन्होंने कहा कि खाद्यान्न वितरण की पात्रता सूची से अपात्र लोगों के नाम काटे जाएं, केवल पात्र लोगों को ही खाद्यान्न वितरण की सुविधा उपलब्ध कराई जाए ।

कलेक्टर श्री गुप्ता ने स्वास्थ्य विभाग में सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के निराकरण में लापरवाही बरते जाने पर नाराजगी प्रकट की, और मुख्य चिकित्सा अधिकारी एवं सिविल सर्जन को शिकायतों के निराकरण की गति बढ़ाने तथा गुणवत्ता सुधारने के निर्देश दिए ।

कलेक्टर ने महिला एवं बाल विकास विभाग की जिला कार्यक्रम अधिकारी और सभी एसडीएम को निर्देश दिए कि आंगनवाड़ी कार्यकर्ता व सहायिकाओं की भर्ती की लंबित प्रक्रिया को शीघ्रता से पूर्ण कर अनंतिम सूची जारी कराएं । उन्होंने सभी एसडीएम को निर्देश दिए कि फॉर्मर रजिस्ट्री संबंधी कार्य की गति बढ़ाएं, और राजस्व प्रकरणों का शीघ्रता से निराकरण सुनिश्चित किया जाए । कलेक्टर श्री गुप्ता ने अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी द्वारा सीएम हेल्पलाइन संबंधी आवेदनों का निराकरण समय पर न किए जाने पर नाराजगी प्रकट की तथा उनके विरुद्ध कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए ।

कलेक्टर ने खंडवा शहर में प्लास्टर ऑफ पेरिस की मूर्तियों पर लगे प्रतिबंध को ध्यान में रखते हुए मिट्टी की मूर्तियों की पर्याप्त मात्रा में आपूर्ति करने तथा उनके विक्रय की व्यवस्था के संबंध में भी उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दिए । उन्होंने संबल योजना के सभी हितग्राहियों के ई-केवाईसी की लंबित कार्यवाही को शीघ्रता से पूर्ण करने के निर्देश भी श्रम विभाग के अधिकारियों को दिए ।

कलेक्टर ने मिशन अमृत संचय के तहत जिले के ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्र में स्थित प्रत्येक मकान की पक्की छत पर रूफ वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाने के संबंध में भी सभी एसडीएम तथा नगरीय निकायों के मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को दिए । उन्होंने प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के तहत हितग्राहियों को समय पर भुगतान करने के संबंध में भी निर्देश दिए । कलेक्टर ने एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधरोपण कार्य में गति लाने के लिए भी जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों तथा मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को निर्देश दिए ।

बैठक में जिला पंचायत के सीईओ डॉ.नागार्जुन बी. गौड़ा, अपर कलेक्टर के आर बड़ोले, एसडीएम पुनासा शिवम प्रजापति, सहायक कलेक्टर डॉ. श्री कृष्णा सुशीर, संयुक्त कलेक्टर रमेश खतेड़िया सहित विभिन्न अधिकारी मौजूद थे ।

**श्रीमद् वाल्मीकीय श्रीराम कथा** — श्रीधराचार्य महाराज ने राम के ऋषियों के प्रति करुणा व मर्यादा का किया वर्णन

# ऋषि-मुनियों पर प्रभु श्रीराम का अनुग्रह सुन भावविभोर हुए श्रद्धालु

**नवभारत न्यूज**

**खण्डवा । नवकार नगर स्थित नक्षत्र गार्डन में चल रही श्रीमद् वाल्मीकीय श्रीराम कथा ज्ञानयज्ञ के षष्ठ दिवस पर कथा व्यास परम पूज्य जगद्गुरु रामानुजाचार्य स्वामी श्री श्रीधराचार्य जी महाराज ने भगवान श्रीराम के ऋषियों पर अनुग्रह एवं करुणा के प्रसंग का भावपूर्ण वर्णन किया । कथा सुनते ही श्रद्धालु भक्ति में डूबकर मंत्रमुग्ध हो उठे ।**



महाराजश्री ने कहा कि भगवान श्रीराम केवल अयोध्या के राजा नहीं, बल्कि समस्त प्रजा और तपस्वी ऋषि-मुनियों के भी रक्षक और कल्याणकारी हैं । वनवास के दौरान जब ऋषियों ने राक्षसों के उत्पीड़न से मुक्ति की प्रार्थना की, तब श्रीराम ने अपने धनुष-बाण से उनके दु:ख हरने का संकल्प लिया । यह प्रसंग बताता है कि धर्म की रक्षा और संतजन की सेवा ही श्रीराम के जीवन का वास्तविक उद्देश्य था ।

प्रवक्ता नारायण बाहेती व सुनील जैन ने बताया कि महाराजश्री ने कहा कि संत और महात्मा समाज की शक्ति हैं और प्रभु श्रीराम ने उनके सम्मान की जो परंपरा स्थापित की, वह आज भी युगों-युगों तक मार्गदर्शन देती है । कथा स्थल जय-जय सियाराम के गगनभेदी नारों से गूंज उठा ।

व्यासपीठ का पूजन मुख्य यजमान राजेंद्र प्रसाद भगवानसहाय अग्रवाल, परिवार व समिति अध्यक्ष रामस्वरूप बाहेती,सचिव शैलेन्द्र अग्रवाल, कोषाध्यक्ष घनश्यामदास शाह ने किया ।



इस अवसर पर लायन्स क्लब खण्डवा,रोटरी क्लब खण्डवा निमाड़, वैश्य महासम्मेलन विभिन्न समाजसेवी संस्था के सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित रहे । प्रतिदिन दोपहर 2 से सायं 6 बजे तक चल रही कथा में अधिक से अधिक श्रद्धालुओं से पधारने की अपील की गई । महाआरती व प्रसाद वितरण के साथ कथा का समापन हुआ । आभार सचिव घनश्यामदास शाह ने माना ।

**कार्यालय तहसील सहकारी कृषि प्रक्रिया एवं विपणन संघ मर्यादित खंडवा**
**पंजीयन क्रमांक 272 दिनांक 08.11.1938**
**//निविदा सूचना//**
संस्था तहसील सहकारी कृषि प्रक्रिया एवं विपणन संघ मर्यादित खण्डवा की सहकारी जिनिंग फैक्टी इन्दौर रोड खण्डवा मे गोदाम (टिन शेड) एवं दुकान किराये से दी जानी है । जिसकी किराया निविदा (आवेदन) के इच्छुक व्यक्ति **दिनॉक 19.08.2025 से 25.08.2025** तक संस्था कार्यालय से आवेदन फार्म प्राप्त कर के दिनॉक **26.08.2025 दोपहर 3.00 बजे तक जमा** कर सकता है । गोदाम / दुकान किराये, अमानत तथा अन्य शर्तों के संबंध में जानकारी हेतू संस्था कार्यालय पर कार्यालयिन समय पर निर्धारित तिथि में उपस्थित होकर जानकारी प्राप्त कर सकते है ।
**विकास पाराशर**
**सहायक प्रबंधक तहसील सहकारी कृषि प्रक्रिया एवं विपणन संघ मर्यादित खंडवा**
**नोट:-** संस्था को अधिकार रहेगा कि बिना किसी कारण बताये निविदा आवेदनो को रदद या स्थगित कर सकेगी ।